
## Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# कांवड़ मेले में भीड़ प्रबंधन के लिए हो सुनियोजित प्लानिंग

**बैठक**

## कांवड़ के दौरान सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की जायः मुख्यमंत्री

**संवाददाता**

देहरादून, आजखबर। कांवड़ शुरू होने से पूर्व सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाय। सफल कांवड़ मेला सम्पन्न कराने के लिए पड़ोसी राज्यों के अधिकारियों से भी निरंतर समन्वय बनाये रखें। कांवड़ के दौरान भीड़ प्रबंधन के लिए सुनियोजित प्लानिंग की जाय। कांवड़ के दौरान सुरक्षा की चाक–चौबंद व्यवस्था की जाय। स्वास्थ्य, सफाई, पेयजल, टॉयलेट व अन्य आवश्यक सामग्रियों की समुचित व्यवस्था की जाय। यह निर्देश मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सचिवालय में कांवड़ मेले की व्यवस्थाओं की बैठक लेते हुए अधिकारियों को दिये।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि 17 से 30 जुलाई 2019 तक होने वाले कांवड़ मेले को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। देहरादून, मसूरी व चारधाम यात्रा के लिए आने वाले यात्रियों को रुड़की, हरिद्वार और ऋषिकेश शहरों के बीच से न जाने के बजाय बाईपास से जाने के प्रेरित किया जाय। रूट चार्ट का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार भी किया जाय।



कांवड़ मेले की व्यवस्था को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते सीएम।

कांवड़ यात्रा मार्गों पर सड़क, मेडिकल, पेयजल आदि की सुदृढ़ व्यवस्था की जाय। डाक कांवड़ के दौरान सुरक्षा व्यवस्था व भीड़ प्रबंधन के लिए पूरी योजना बनाई जाय। व्यापार मंडल व संत समाज के साथ बैठक कर उनसे भी सकुशल कांवड़ सम्पन्न कराने के लिए सहयोग लिया जाय। यह सुनिश्चित किया जाय कि कांवड़ यात्रा मार्गों पर दिशा सूचक, रूट डायवर्जन साइनेज की समुचित व्यवस्था हो। कांवड़ के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग की उचित व्यवस्था हो। कांवड़ यात्रा वाले मार्गों पर कहीं भी झूलते हुए बिजली के नंगे तार न हों।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि कांवड़ से पूर्व घाटों की सफाई की समुचित व्यवस्था की जाय। घाटों पर सुरक्षा के दृष्टिगत चौन व जल पुलिस की व्यवस्था की जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांवड़ के दौरान स्पेशल ट्रेन की मांग रेलवे से की जाय।

इस तरह से योजना बनाई जाय कि कांवड़ के दौरान निर्माण से संबंधित कार्य अवरूद्ध न हों। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी हरिद्वार से कांवड़ की तैयारियों की विस्तार से जानकारी ली। पुलिस महानिदेशक अनिल कुमार रतूड़ी ने कहा कि कांवड़ के दौरान लगभग 3 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की सम्भावना है। शान्तिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण कांवड़ सम्पन्न कराने के लिए 10 हजार सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की जायेगी। सीमावर्ती प्रदेशों के पुलिस अधिकारियों के साथ कांवड़ के सम्बन्ध में कोर्डिनेशन मीटिंग की जा चुकी है। कांवड़ के लिए सीमावर्ती राज्यों के साथ 06 ज्वाइंट पुलिस चौकपोस्ट बनाये गयो हैं।

## न्यूज डायरी

### यूकेडी की बैठक केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पंकज व्यास की अध्यक्षता में हुई

**(ईएमएस)** देहरादून। उत्तराखण्ड क्रान्ति दल की अति महत्वपूर्ण बैठक सर्किट हाउस में विशेषाधिकार कमेटी के सदस्य व निवर्तमान केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पंकज व्यास की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए बैठक का निर्णय बताया पंकज व्यास ने बताया कि दल का महाधिवेशन अब हरिद्वार की बजाया देहरादून में 24–25 जुलाई को होगा। उन्होंने कहा कि 24 व 25अप्रैल 2019 कोटद्वार में केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक तथा हल्द्वानी में विशेषाधिकार कमेटी अनुसार दल का महाधिवेशन तयशुदा 24 व 25 जुलाई 2019 को निश्चित समय पर ही होगा तथा हरिद्वार की जगह देहरादून में होगा। उन्होंने कहा कि क्योंकि श्रावण मास में कांवड़ के कारण देहरादून में किया जा रहा है।

### विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया

**(संवाददाता)** देहरादून। निफा देहरादून व एमएस दिनेश एसोसिएट फ्रेंचाइजी ऑफ ग्लेज ट्रेडिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा माजरा पौंटा साहिब में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कंपनी का मुख्य उद्देश्य युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार देना है। इस अवसर पर शिविर में सभी युवाओ का उत्साह देखने योग्य था सभी रक्तदान के लिए इतने उत्साहित थे की ब्लड बैंक को भी अपने हाथ खड़े करने पड़े स जैसे ही रक्तदान शिविर हुआ वैसे ही धड़ाधड़ बारिश होने लगी लेकिन बारिश के रहते भी सभी लोग रक्तदान करने के लिए शिविर पहुंचे व बड़े उत्साह के साथ रक्तदान किया।

### शाखा प्रबंधक से मुलाकात कर जनता की समस्याओं से अवगत कराया

**(संवाददाता)** देहरादून। महिला उजागर समिति के अध्यक्ष रेखा नेगी ने पोखरीखेत को जनता की समस्याओं को लेकर पोखरीखेत के शाखा प्रबंधक अमित कुमार तिवारी से मुलाकात कर उन्हें जनता की समस्याओं से अवगत कराया। इस अवसर पर उन्होंने अपील की है कि पोखरी खेत में बैंक में आयी जनता को बैंक में आने के बाद घंटों लाइन में खड़े होकर अपने बारी का इन्तजार करना पड़ता है जिस कारण कई बुजुर्गों को चक्कर आ जाते हैं और कई लोग तो खड़े होकर इतने थक जाते हैं कि अपना आपा खो देते हैं जिस कारण माहौल कई बार गमगीन हो जाता है। इस अवसर पर इन सारी समस्याओं को लेकर रेखा नेगी ने शाखा प्रबंधक (मैनेजर) को अपने स्तर से बैंक की व्यवस्था में सुधार लाने की अपील करते हुए यह सुझाव दिया कि वह बैंक में टोकन की व्यवस्था बनाए।

## पंचायती राज संशोधित एक्ट में पंचायतों को समाप्त करने की साजिश रची हैः बिष्ट

**(संवाददाता)** देहरादून। पंचायती राज जन अधिकार मंच के संयोजक जोत सिंह बिष्ट ने कहा है कि प्रदेश की सरकार ने पंचायती राज संशोधित एक्ट में पंचायतों को समाप्त करने की साजिश रची है और जिसका पुरजोर तरीके से विरोध किया जायेगा।

परेड ग्राउंड स्थित हिन्दी भवन में पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा है कि विधानसभा में पंचायत राज अधिनियम 2016 में एक संशोधन विधेयक पेश करते हुए कुल 23 धाराओं में संशोधन किये इनमें से मुख्य रूप से धारा आठ में किये गये संशोधन पर राज्य के पंचायत प्रतिनिधियों को विशेष रूप से ऐतराज है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पारित पंचायतीराज एक्ट में दो बच्चों की शर्त के लिए कोई भी समय सीमा निर्धारित नहीं की गई है। राज्य सरकार द्वारा पारित पंचायतीराज एक्ट में कई प्रकार की खामियां हैं जिसका पुरजोर विरोध किया जायेगा।



नगर मुख्यालय की सड़कों में लगाये गये टल्ले।

## बारिश में सड़कों में लगाये जा रहे टल्ले

**(संवाददाता)** देहरादून/रुद्रप्रयाग। इन दिनों जिला मुख्यालय की सड़कों पर टल्ले लगाने का कार्य किया जा रहा है। मानसून सीजन शुरू हो गया है और राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड को अब जाकर राजमार्ग पर टल्ले लगाने की याद आई है। यात्रा से पूर्व राजमार्ग विभाग ने सड़क की कोई सुध नहीं ली और अब बारिश में टल्ले लगाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है, जो पहली ही बारिश में उखड़ गया है और वाहनों स्वामियों के लिए मुसीबत खड़ी कर रहा है।

दरअसल, राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड विभाग की ओर से नगर मुख्यालय की सड़कों पर बने गड्ढों को छुपाने के लिए टल्ले लगाये जा रहे हैं। इन टल्लों को लगाये जाने से नगर की खूबसूरती पर दाग तो लग ही रहा है, साथ ही ये डामर लगाते ही उखड़ रहा है।

बृहस्पतिवार को हुई बारिश से गड्ढों के ऊपर बिछाया गया डामर पूरा उखड़ चुका है, जिस कारण वाहनों स्वामियों एवं पैदल चलने वाले राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# ब्लड कैंसर से बालक की मृत्यु पर आंगनबाड़ी से मांगा स्पष्टीकरण

**संवाददाता**

देहरादून/रुद्रप्रयाग। डीएम इकारी मंगेश घिल्डियाल की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में शिक्षा, बाल, स्वास्थ्य, आरबीएसके आदि विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। स्यूर क्षेत्र में पांच वर्षीय बालक की ब्लड कैंसर से मृत्यु के संबंध में संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकत्री का स्पष्टीकरण लेने, आरबीएसके की टीम द्वारा गत माह में किये गए स्वास्थ्य परीक्षण में न्यून छात्र संख्या वाले आंगनवाडी केन्द्र व विद्यालयों के प्रभारियों का स्पष्टीकरण, जिन आशाओं के क्षेत्र में होम डिलीवरी हो रही है, उन समस्त क्षेत्रों की आशाओं के स्पष्टीकरण लेने के निर्देश सीएमओ को दिए।

**जिला सभागार में शिक्षा, बाल, स्वास्थ्य व आरबीएसके की बैठक**

हाईरिस्क में रहने वाली महिलाओं की सफलतापूर्वक डिलीवरी कराने वाली एएनएम को प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रति डिलीवरी पांच सौ रूपये देकर सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर जिलाधिकारी ने गांव सभाओं में गठित की जाने वाली ग्राम स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता समिति की गाईडलाइन आशाओं को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कहा कि आशाओं को गांव की स्वच्छता के लिए सालाना दस हजार रूपये दिये जाते हैं। आशा ग्राम स्वास्थ्य, पोषण व स्वच्छता समिति की सचिव होती है। समिति द्वारा जो भी कार्य किये जाते है वे प्रस्ताव समिति के माध्यम से लिखित रूपये आने चाहिए जिससे पारदर्शिता बनी रहती है। कहा कि जो भी व्यय किया जाए वे नियमानुसार हो।

बैठक लेते हुए जिलाधिकारी ने समस्त एएनएम को अपने अधीन आशाओं का नम्बर अनिवार्य रूप से रखने को कहा। कहा कि यदि किसी के परिवार की सास व पति द्वारा गर्भवती महिला के संस्थागत प्रसव के लिए सहयोग नहीं दिया जाता व नवजात शिशु को किसी भी समस्या होने पर डॉ से परामर्श नहीं किया जाता तो एएनएम द्वारा सम्बन्धित मेडिकल आफिसर को सूचित किया जाए। सम्बन्धित एमओ द्वारा क्षेत्र में जाकर परिवार की काउन्सिलिंग की जाए।

इस अवसर पर सीएमओ डॉ एसके झा, सीएमएस डॉ दिनेश चन्द्र सेमवाल सहित समस्त ब्लॉक मेडिकल अधिकारी उपस्थित थे।

## गैर कानूनी धंधा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग

देहरादून **(ईएमएस)**। दून सहित प्रदेश के अन्य शहरों में कमेटियों व अन्य रूपों में करोड़ों रूपयों का गैर कानूनी धंधा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया और जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया।

यहां अखिल भारतीय पंचायत परिषद की प्रदेश महामंत्री एडवोकेट लक्ष्मी अग्रवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय में इकटठा हुए और दून सहित प्रदेश के अन्य शहरों में कमेटियों व अन्य रूपों में करोड़ों रूपयों का गैर कानूनी धंधा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर परिषद की प्रदेश महामंत्री एडवोकेट लक्ष्मी अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार के अवैध धंधों से सरकार को जीएसटी व इनकम टैक्स से प्रतिमाह लाखों रूपयों की चपत लग रही है और आम जनता को भी ठगी का सामना करना पड़ रहा है।